संक्षिप्त

महिला ने ट्रेन के आगे कूद आत्महत्या की

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शहर के पोलादास मंदिर से पहले ढ ाणी बुंगला वाली के सामने रेलवे ट्रेक पर एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर आस पास के लोगों से पूछताछ कर शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन महिला की शिनाख्त करीब एक घंटे बाद जाकर हुई। मृतका वार्ड नं.20 निवासी सुषमा गुप्ता पुत्री सीताराम गुप्ता के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक महिला रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी के ऊपर बैठी हुई थी और अचानक साबरमती हरिद्वार सुपरफास्ट गाडी के आने के दौरान गाडी के सामने आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ट्रेन की चपेट में आने से महिला का शव क्षत विक्षत हो गया। परिजनों ने बताया कि सुषमा की मानसिक स्थिति खराब थी और वह शादीशुदा थी।

जलापूर्ति आज रहेगी प्रभावित

टोंक, (निसं)। टोंक शहर के न्यू राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के पंप हाउस में रविवार को विद्युत फाल्ट आने से 8 जुलाई सोमवार को शहर के कुछ क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। पीएचईडी टोंक के सहायक अभियंता ने जानकारी दी है कि टोंक शहर को जलापूर्ति करने वाली 4 मोटर के सॉफ्ट स्टार्टर पैनल में तकनीकी समस्या आ गई है। एक पैनल में ज्यादा खराबी आने के कारण इसे जयपुर ठीक करवाने के लिए भिजवाया गया है। इसलिए सोमवार को टोंक शहर के धन्ना तलाई, मोती बाग, कच्ची बस्ती, बनवारी चौराहा, काली पलटन, सवाई माधोपुर रोड, पार्क प्लाजा, जखीरा, बीसलपुर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जलदाय विभाग ने आमजन से अपील की है पानी के वैकल्पिक स्रोतों का इंतजाम रखें।

सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाए गए

बौंली-बामनवास, (निसं)। क्षेत्र के मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय के एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने सरकारी रास्तों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रखा है। इसी क्रम में मैदपुरा से एदलकी के सार्वजनिक निर्माण विभाग की सडक सीमा से अतिक्रमण हटाए गए। उपखंड अधिकारी बद्री नारायण विश्नोई ने बताया कि ग्राम मैदपुरा से एदलकी सडक सीमा पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर मार्ग अवरुद्ध कर रखा था। इस मामले को लेकर सहायक अभियंता राजेश मीणा द्वारा पत्र लिखा गया था इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त गठन द्वारा 2 घंटे में जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाकर सडक मार्ग चालू कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि सरकारी भूमि पर दोबारा कब्जा करने पर उनके विरुद्ध भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद सिविल करावास होगी।

शिविर में 201 यूनिट रक्त संग्रहित

पावटा, (निसं)। बालनाथ आश्रम के नजदीक व बडनगर मोड के सामने बावडी रमेश चंद यादव की 10वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 201 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस दौरान राजेश यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है। आप के द्वारा दिया गया रक्त किसी मनुष्य को जीवन दान देता है। आपके द्वारा दिया रक्त दूसरे कि धमनियों मे दौडकर उस मनुष्य को नया जीवन देता है। रक्तदान शिविर में कुल 201 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस मौके पर सुनिल यादव, प्रदीप यादव, गिरधारी लाल, विजय यादव, सतीश यादव देशराज, मुकेश, राहुल, मुलचंद, महेन्द्र यादव, विक्रम यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

अवैध बजरी से भरा ट्रेलर जप्त

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशों पर टोंक वृताधिकारी राजेश विद्यार्थी व थाना प्रभारी प्रभुसिंह ने एक विशेष दल का गठन कर अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गस्त के दौरान ग्राम चुली पर रामभाटा बनास नदी से अवैध बजरी से भरे एक ट्रेलर को जप्त किया। इस दौरान चालक फरार होने में कामयाब रहा, जिसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

कंटेनर की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत, पिता बाल-बाल बचा

पावटा, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 मंगल्या वाली प्याऊ के पास रविवार शाम करीब साढे 4 बजे एक सडक हादसे में कंटेनर की चपेट में आने से मोटरसाईकल सवार 8 महिने की बेटी सहित माँ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता बाल-बाल बच गया।

जानकारी देते हुए प्रागपुरा थाना एएसआई सुरेंद्र व बहादुर ने बताया कि पीडित अजय स्वामी निवासी देवनगर दौराताकाबास जयपुर बच्चों को पढाते है। वही उसकी पत्नी शिल्पा जयपुर एचडीएफसी बैंक में कार्यरत थी। रविवार करीब शाम 4 बजे जयपुर से बाइक पर अपनी पत्नी शिल्पा व 8 महिने की बेटी परी के साथ अपनी मोटरसाइकल पर सवार होकर अपनी बहन के यहाँ भांजे के जन्मदिन पर ग्राम मोरदा जा रहे थे।

जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग 48 मंगल्या वाली प्याऊ प्रागपुरा के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रेलर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमे शिल्पा उम्र 26 साल व 8 महिने की बेटी परी की कंटेनर के नीचे आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजय व शिल्पा की शादी डेढ़ साल पहले ही हुई थी। दुर्घटना से 5 किलोमीटर पहले ही उसने अपनी 8 माह की बच्ची को बाइक रोककर दूध पिलाया था। उसके बाद जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग 48 मंगल्या वाली प्याऊ के पास पहुँचे तो एक कंटेनर ने मां-बेटी को रौंद दिया है तथा उनकी मौके पर ही मौत हो गई है।

पुलिस ने मौका स्थल पहुंच मामले की जानकारी जुटाई।

- पीड़ित पत्नी व बेटी के साथ बाइक पर भांजे के जन्मदिन पर मोरदा जा रहा था

दर्दनाक हादसे में 8 महिने की बच्ची सहित उसकी मां की मौत हो गई है जबकि पिता बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की सहायता से दोनों के शवों को पावटा सीएचसी मोर्चरी में रखवाया व पोस्टमार्टम करवाकर शवों को परिजनों को सौपा। वहीं पिता व परिजनां का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर कंटेनर चालक को काबू कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

जौनापुरिया ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया

टोंक, (निसं)। पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने मालपुरा के ग्राम लावा, चान्दसेन, धौली एवं पीपलू के ढ ुण्डीया गाँव में बाढ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर पीडितों से मुलाकात की एवं क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीडितों के घर में रखा जो अनाज बरबाद हो रहा है, उसे लेकर विशेष चिंता जाहिर की। उन्होने कहा कि आज स्थिति यह है कि लोगों के पास खाने को अनाज व पशुओं के लिए चारे का भी संकट हो गया है। उन्होने क्षेत्र में पिछले 50 सालों में सबसे ज्यादा हुई बारिश की दैवीय आपदा से हुए नुकसान के बारें में पीडितों को ढ ांढ स बंधाते हुए कहा कि भाजपा सरकार उन्हे हर प्रकार की सहायता व हुए नुकसान के यथासम्भव भरपाई करने को कटिबद्ध है, वे इस प्रसंग में मुख्यमंत्री से भी विशेष अनुरोध करेंगें। उन्होनें क्षेत्र में सडकों रास्तों व बिजली तंत्र को हुए व्यापक नुकसान पर भी चिंता व्यक्त करव्यवस्थाएं सुधारने का आग्रह किया।

वृक्षारोपण कर हिंगोनिया को आदर्श ग्राम बनाने का लिया संकल्प

चाकसू, (निसं)। ग्राम पंचायत टूमली का बास व ग्राम हिंगोनिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला देहात दक्षिण संयोजक ने बताया कि विधायक रामावतार बैरवा, सरपंच कन्हैया लाल शर्मा एवं रामजीलाल यादव का साफा और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। हिंगोनिया व टुमली का बास में वृक्षारोपण भामाशाह हिम्मत सिंह राजावत के सानिध्य में रखा गया। हिम्मत सिंह राजावत ने बताया कि ग्राम हिंगोनिया को आदर्श गांव बनाने के लिए 5000 पेड लगाने का लक्ष्य रखा गया साथ ही तीन साल तक पेड की रखरखाव की सभी ग्रामवासियों ने जिम्मेदारी और शपथ ली।

ग्राम पंचायत टूमली का बास व ग्राम हिंगोनिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

यदि कोई पेड नष्ट होता है तो उसकी जगह दूसरा पेड लगा दिया जाएगा। विधायक रामावतार बैरवा ने बताया कि चाकसू विधानसभा के सभी मतदाताओं ने मुझे भारी मतों से विजय बनाया है। आदर्श गांव हिंगोनिया से मेरा विशेष लगाव है। ग्राम हिंगोनिया के शमशान के लिए तालाव की पाल स्थित सार्वजनिक कुएं को को जल्दी ही मोटर डालकर चालू करवा दिया जाएगा।

वृक्षारोपण बडा ही सराहनीय कार्य है। ग्राम पंचायत सरपंच कन्हैया लाल बागडा ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से भामाशाह ठाकुर नरपत सिंह और हिम्मत सिंह का माला, दुपट्टा और साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान ठाकुर नरपत सिंह राजावत, ओम सिंह राजावत, सरपंच संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, माधोसिंहपुरा सरपंच रामजी लाल यादव, मानसिंह कादेडा, कैप्टन मूल सिंह राजावत व कैप्टन शंकर सिंह राजावत, पार्षद मांगीलाल बैरवा, हरफुल खींची, हरदयाल गुर्जर, भवानी सिंह, भागीरथ सिंह, अर्जुन सिंह, कन्हैयालाल, आशीष मीणा एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

स्कूल परिसर में लगाए पेड़, सार संभाल की ली जिम्मेदारी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अजीतगढ में टॉपर छात्र-छात्राओं को 41 पेड पौधे भेंट कर सम्मानित किया एवं विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जीवनसुख परिवर्तन सेवा संस्थान अजीतगढ के अध्यक्ष सोमेश राजोरिया प्लांट बाबू के नेतृत्व में किया साथ ही आए हुए अतिथियों को माला साफा एवं एक-एक पेड़ भेंट कर स्वागत सम्मान किया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कालुराम बुनकर, मुख्य अतिथि पंचायत समिति अजीतगढ प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव व वरिष्ठ अतिथि वाइस चेयरमैन मनोज खण्डेलवाल व वरिष्ठ पार्षद माखनलाल स्वामी रहे। सभी छात्र छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

- बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

टॉपर छात्र-छात्राओं को 41 पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

प्रधान ने कहा कि हर बच्चों को अपने घर पर एक-एक पौधा अवश्य लगाने और उसका सही ढंग से पालन-पोषण करने का आव्हान किया है। वातावरण को शुद्ध रखने और संतुलन बनाए रखने में पेड-पौधे अहम भूमिका निभाते हैं। जहां पेड-पौधों की संख्या ज्यादा होती है वहां बरसात में अच्छी बारिश होती है। पेड पौधों से हमें शुद्ध वायु मिलती है और पेड-पौधे ही हमारे जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। मंच संचालन मुकेश कुमार शर्मा ने किया।

छात्रवृति पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की नरेना रोड स्थित संस्कृति पैराडाइज गार्डन में राठी फाउंडेशन संस्था फुलेरा के द्वारा छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम संस्था के के.जी. गौड की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत और विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया सिंह, सांभर कॉलेज लेक्चरर नन्दाराम रणवा रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात राठी फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी कैलाश चन्द बैनाडा, शिक्षाविद भंवर लाल शास्त्री, भंवर लाल कुमावत एव सरोज बाला शर्मा ने अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुमावत ने कहा कि होनहार प्रतिभाओं को छात्रवृति प्रदान कर राठी फाउंडेशन ट्रस्ट शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, हमे इन पर नाज है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया सिंह ने कहा कि अपनी स्वरूचि के अनुसार आगे बढ ने के लिए बेटों के साथ बेटियों को भी समुचित अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। जिससे कि वे अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ सके। इसके साथ वहीं कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की होनहार प्रतिभाओं को 5 लाख से अधिक राशि की छात्रवृति प्रोत्साहन स्वरूप आगे बढ ने और पढ ने के लिए प्रदान की गई। वहीं कार्यक्रम में प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में ट्रस्ट द्वारा शिक्षाविद् भंवर लाल शास्त्री को माला साफा व शॉल ओढाकर द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

- राठी फाउंडेशन ने 5 लाख से अधिक छात्रवृति बांटी
- शिक्षाविद् भंवर लाल शास्त्री को द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित किया

कांग्रेस ने ईआरसीपी को पूरा करने की बजाय सिर्फ राजनीति की थी : कर्नल राठौड़

पावटा ,(निसं)। श्री राजपूत समाज कोटपुतली सत्ताईसा तँवरावाटी वाल कुंडला सर्व राजपूत समाज कोटपुतली, विराटनगर, बांसुर द्वारा रविवार को पावटा स्थित राव रत्ना जी भवन त्रिवेणी सिटी में नव निर्वाचित जयपुर ग्रामीण सांसद व विधायकों के लिए स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग व खेल मंत्री राजस्थान व झोटवाडा विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड व अध्यक्षता एवं अभिनंदन अतिथि विशेष के रूप में नव निर्वाचित जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के पुत्र आशीष धनकड, बांसुर विधायक देवी सिंह, कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल मौजूद रहे। इस दौरान दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि उद्योग व खेल मंत्री राजस्थान व झोटवाडा विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड व अध्यक्षता एवं अभिनंदन अतिथि विशेष के रूप में नव निर्वाचित जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह द्वारा साधु संतों को शाल उढाकर व श्रीफल भेट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से आये जनप्रतिनिधियों व राजपूत समाज सहित सर्व समाज के लोगों, व्यापार मंडल पावटा द्वारा आगंतुक अतिथियों का माला व साफा पहनाकर एवं प्रतिक चिन्ह के रूप में छाया चित्र देकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने ईआरसीपी को लेकर कहाँ कि कांग्रेस ने परियोजना को पूरा करने की बजाय उसमें सिर्फ राजनीति की। अब राज्य सरकार नहर परियोजना को जरूर पूरा करेगी। किसानों को मजबूत करना प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी है। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों की ताकत को पहचाना और उन्हें मजबूत करने का बीडा उठाया। जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार भी यह काम कर सकती थी लेकिन उन्होंने सिर्फ राजनीति की। अब भाजपा सरकार नदियों को नदियों से जोडकर नहर परियोजना के जरिए पानी पहुंचाएगी। इस दौरान हरी सिंह खेलना संरक्षक, दशरथ सिंह शेखावत अध्यक्ष सत्ताईसा, विक्रम सिंह तंवर अध्यक्ष तंवरावाटी, मोती सिंह अध्यक्ष बानसूर, ब्रिगेडयर जयपान सिंह, वाइस चेयरमेन नरपत सिंह सहित सर्व समाज ब्राह्मण, स्वामी, पारीक, प्रजापति, जांगिड, योगी, सेन, व्यापार मण्डल, सैनी, गुर्जर, अनुसूचित जाति, मीणा, यादव, जाट आदि समाजों के अध्यक्ष सहित प्रतिनिधि मण्डल, बार एसोसिएशन पावटा, पेंशन समाज व आम जन मौजूद रहे।

पावटा स्थित राव रत्ना जी भवन त्रिवेणी सिटी में नव निर्वाचित जयपुर ग्रामीण सांसद व विधायकों के लिए स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

- नवनिर्वाचित जयपुर ग्रामीण सांसद व विधायकों का अभिनंदन समारोह आयोजित

सार-समाचार

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना निरन्तर जारी है। रविवार को ग्रामीणों द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढाणी रामनगर के सैकडों महिला एवं पुरुषों ने यज्ञ में आहुति दी तथा प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। चंद्रशेखर शर्मा ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चतुर्भुज गांव एक जमीन का टुकडा नहीं है, यह हमारी आत्मा है। यदि यहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगा तो अनेक बीमारियां फैलेगी। उन्होंने कहा कि जब तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को स्थानांतरित नहीं किया जायेगा तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान गिरिराज भारती, सत्यनारायण शर्मा, मुरारीदास स्वामी, प्रतापसिंह यादव, किशनलाल स्वामी, रोहित स्वामी, तुलसी स्वामी, विक्रम सैन, खेमचंद स्वामी, अमीचंद धानका, योगेन्द्र समेत बडी संख्या में महिलायें मौजूद रही।

काम पर लौटे सफाईकर्मी, शुरु हुआ सफाई का कार्य

पावटा, (निसं)। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा में कार्यरत सफाईकर्मियों की हडताल समाप्त होते ही रविवार की सुबह सफाई का कार्य शुरू हो गया। अपने-अपने वार्डो में काम पर लौटे सफाईकर्मियों ने कूडा उठाना शुरु किया तो लोगों ने रात ही सांस ली। हडताल की वजह से कूडे न उठाए जाने पर नगर में चारों ओर दुर्गंध फैलने लगी थी। वेतन, पीएफ समेत विभिन्न मांगों के समर्थन में स्थायी व संविदा समेत आउटसोर्सिंग कर्मचारी पिछले दो दिनों से हडताल पर थे। हडताल के चलते नगर की सफाई व्यवस्था भी बेपटरी हो गई थी। शहर में हर रोज बढ रही गंदगी के चलते अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की चिंताएं भी बढ ने लगी थी। शनिवार रात को चेयरमैन और ईओ के लिखित आश्वासन के बाद सभी सफाईकर्मियों ने हडताल समाप्त कर दी। रविवार को सभी सफाईकर्मी काम करने लौट आये। सफाई कर्मी को कूडा उठाते देख लोगों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में ईओ बसंत सैनी ने बताया कि हडताल समाप्त होने के बाद सभी कर्मचारी काम पर वापस लौट आये है। नगर को साफ-सुथरा बनाने के लिए कार्य जारी है।

पूर्व प्राचार्य ने विद्यार्थियों के लिए निशुल्क पढ़ाई का जिम्मा संभाला

सांभरझील, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की शुरुआत की है। इसके तहत उनकी ओर से विभिन्न विषयों और वर्ग के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने हेतु व्यवस्था को अंजाम दिया है। सेवाकाल के दौरान भी विभिन्न सामाजिक कार्यों से जुडे रहे डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यों में अपना योगदान देते रहे हैं। इसी क्रम में उनकी ओर से डॉ.बीआर अंबेडकर चेतना समिति के सौजन्य से अंग्रेजी विषय का नि:शुल्क शिक्षण 1 जुलाई से प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक महिला सत्संग भवन में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। इस नि:शुल्क कक्षा में प्रतिदिन सभी वर्गों के 50-60 विद्यार्थी शिक्षा का लाभ ले रहे हैं। आगामी 10 जुलाई से 12वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शाम 4:30 बजे से 5:30 बजे तक अंबेडकर भवन में संचालित की जाएगी। नि:शुल्क शिक्षण के लिए विद्यार्थी समिति में रजिस्ट्रेशन करवा कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रोफेसर डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा का उद्देश्य है कि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक अभाव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित नहीं रहे।

ज्ञापन सौंप रिक्त पदों को भरने की मांग

बौंली- बामनवास, (निसं)। राजस्थान के श्रेष्ठ श्रेणी में सुमार राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में 13 पद शिक्षकों के रिक्त चल रहे हैं जिससे विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में है इस समस्या के समाधान को लेकर अभिभावक सूरजमल वैष्णव के नेतृत्व में लोगों ने राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को क्षेत्र के पिपलाई गांव में आयोजित स्कूल शिक्षा परिवार संघ के स्वागत व अभिनंदन समारोह के दौरान एक ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन में अंकित किया गया है की बौंली मुख्यालय पर स्थित राजस्थान के सबसे पुराने श्री जागेश्वर राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में स्वीकृत 24 पदों में से मात्र 11 पदों पर ही शिक्षक लगे हैं एवं 13 पद रिक्त चल रहे हैं जिसमे व्याख्याता हिंदी, अंग्रेजी, वांगमय व द्वितीय श्रेणी के हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिकज्ञान, विज्ञान के एवं दो तृतीय श्रेणी के एक एलडीसी एक यूडीसी व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद रिक्त चल रहा है जिससे विद्यालय में अध्यनरत करीब 250 छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में है जबकि इस विद्यालय का बोर्ड परिणाम भी श्रेष्ठ रहता है।

अलवर में कांग्रेस का संगठन मजबूत : जसवंत सिंह गुर्जर

अलवर, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की एक आवश्यक बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं अलवर के संगठन प्रभारी जसवंत सिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य और जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की बैठक में पधारे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का माला पहनाकर कर स्वागत-अभिनदंन किया गया। बैठक में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेसजन शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी जसवंत सिंह गुर्जर ने कहा कि अलवर में कांग्रेस का संगठन मजबूत है, संगठन की मजबूती के परिणाम विगत विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में नजर आये है।

पार्टी में अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा जो युवा अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें बडी जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएंगी। साथ ही उन्होंने निष्क्रिय पदाधिकारियों की छंटनी का संकेत भी दिया। जो काम नहीं कर रहे हैं, उनके बारे में भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि उन्होंने कहा की ओर अधिक सकारात्मक परिणामों के लिए फ्रंटल संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ वार्ता कर उनसे बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के सुझाव भी मांगे हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के परिणाम का भी विश्लेषण किया गया। बैठक में न सिर्फ संगठन को मजबूत करने को रणनीति बनाई गई, बल्कि पदाधिकारियों को टिप्स दिए गए और उनसे सुझाव मांगे गए। उन्होंने कहा कि यह चिंतन व मंथन का समय है।

बैठक में रामगढ विधायक जुबेर खान, पीसीसी महासचिव एवं अलवर के संगठन प्रभारी जसवंत गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, मुंडावर विधायक ललित यादव, किशनगढ विधायक दीपचंद खेरिया, राजगढ विधायक मांगेलाल मीणा, थानागाजी विधायक कांति मीणा, पूर्व विधायक बलजीत यादव, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, पूर्व विधायक जौहरी लाल मीणा, पूर्व विधायक राजेन्द्र गन्डुरा, कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान, संजय यादव, अजय अग्रवाल, पीसीसी महासचिव डॉ सुमित गर्ग ,अजीत सिंह यादव सुमन यादव, गफूर खान, बिजेंद्र सिंह महलावत, बलराम यादव, उपजिला प्रमुख श्रीमती ललिता मीणा, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव, प्रधान नसरू खान, बीपी सुमन, प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कृष्ण यादव सेवादल के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा, प्रभुदयाल, अशोक कुमार शर्मा, रामबहादुर तंवर, राजेंद्र पाल शर्मा, शादी खान, फूलचंद शर्मा, विजेंद्र सिंह चौहान, श्वेता सैनी, शिवचरण सैनी, डॉ पायल चौधरी, जीतकोर सांगवान, हरिशंकर रावत, हीरेन्द्र शर्मा, जमशेद खान, साजिद खान, ब्लॉक अध्यक्ष जयदीप आर्यन, नरेंद्र सावित्री मीणा, जफरु खान, संदीप पाटिल, अख्तर खान, हनुमान शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, विकास शेखावत अखिलेश कौशिक, अनूप शर्मा, पंकज शर्मा, रमन सैनी, यूनुस खान, हिमांशु शर्मा, राहुल पटेल, गोपाल जयसवाल, ओम प्रकाश सैनी, प्रशांत राजा,के के खंडेलवाल, सोनू गोपालिया, राजेश सैनी, सुदर्शन अरोडा, विजेंद्र सेन आदि शामिल रहे।

- बैठक में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेसजन शामिल हुए